आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.02.2025 / 09.20 बजे

प्रादेशिक समाचार

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में वर्षा और ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात का क्रम आज तीसरे दिन भी जारी है। भारी बर्फबारी के चलते जनजातीय क्षेत्रों लाहौल स्पीति, किन्नौर, शिमला जिला के ऊपरी भागों और चम्बा जिला में जनजातीय पांगी घाटी का सड़क सम्पर्क शेष विश्व से कट गया है। चंबा, किन्नौर और कुल्लू जिला में खराब मौसम के चलते सभी शिक्षण संस्थान बंद कर दिए गए हैं। हालांकि बोर्ड परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी। पांगी घाटी में भी बर्फबारी से जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त है और सभी संपर्क मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बंद पड़े हैं। आवासीय आयुक्त पांगी रमन घरसंगी ने बताया कि प्रशासन हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है और मौसम खुलने के बाद ठप पड़ी सभी व्यवस्थाओं को बहाल किया जाएगा।

लाहौल–स्पिति जिले में भी लगातार हो रही बर्फबारी के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। शिमला जिले के उंचाई वाले क्षेत्रों में भी हिमपात हो रहा है। जिसके चलते शिमला जिला के ऊपरी भागों में सड़क मार्ग बंद होने से यातायात प्रभावित हुआ है। किन्नौर जिला में भारी बर्फबारी से जनजीवन अस्त–व्यस्त है। प्रशासन ने खराब मौसम के चलते लोगों से बेवजह यात्रा न करने की अपील की है।

कुल्लू जिले में पर्यटन नगरी मनाली सहित ऊंचाई वाले अन्य क्षेत्रों में भी बर्फबारी जारी है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में भी बारिश व बर्फबारी की सम्भावना जताई है।

रोक

प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के बिल वसूलने पर फिलहाल रोक लगा दी है। इस संबंध में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने निर्देश जारी कर दिए हैं। प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में 100 रुपए पानी के कनेक्शन पर हर माह लेने का फैसला लिया था लेकिन अब इस पर रोक लगा दी गई है।